प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
18.45 शुक्रवार    दिनांक 17.01.2025

मुख्य समाचारः—

- किरण सिंह देव एक बार फिर बने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष।

- बीजापुर में कल हुई मुठभेड़ के बाद बारह माओवादियों के शव बरामद किए गए।

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मौजूदगी में आज नगरीय ठोस अपशिष्ट से कंप्रेस्ड बायोगैस उत्पादन के लिए एमओयू किया गया।

- केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह उन्नीस जनवरी से तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगे।

भाजपा—अध्यक्ष

किरण सिंह देव एक बार फिर से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हो गए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने रायपुर स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित निर्वाचन कार्यक्रम में यह घोषणा की।

प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर किरण सिंह देव ने कहा कि उनकी कोशिश होगी कि पंच से लेकर पार्लियामेंट तक के चुनाव में भाजपा को जीत हासिल हो।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, पर्यवेक्षक गजेंद्र पटेल, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल, संगठन महामंत्री पवन साय ने श्री सिंह देव को अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी है।

कार्यक्रम के दौरान श्री तावड़े ने राष्ट्रीय परिषद के लिए सत्रह सदस्यों के नामों की भी घोषणा की। ये सभी राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए होने वाले चुनाव में वोट करेंगे।

<u>माओवादी–मुठभेड़–01</u>

बीजापुर जिले में कल हुई मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने मौके से बारह माओवादियों के शव बरामद किए हैं। इनमें पांच महिला माओवादी भी शामिल हैं। कल जिले के पामेड़ और बासागुडा इलाके में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच दिनभर रूक–रूक कर गोलीबारी होती रही थी।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के आईजी राकेश अग्रवाल ने बताया कि इस अभियान में सीआरपीएफ, कोबरा बटालियन विभिन्न जिलों के डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड और स्पेशल टॉस्क फोर्स की टीमें शामिल थीं।

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने आज बीजापुर में हुई एक पत्रकारवार्ता में बताया कि जिस इलाके में मुठभेड़ हुई वह माओवादियों की पीएलजीए बटालियन नंबर वन और सेंट्रल रीजनल कमेटी का इलाका है।

पुलिस द्वारा मारे गये नक्सलियों की शिनाख्त की जा रही है। इस मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों के तीन जवान भी घायल हुए हैं। घायल जवानों की हालत खतरे से बाहर है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बीजापुर के पुतकेल में हुए माओवादी हमले में घायल हुए दो जवानों से आज रायपुर के अस्पताल में मुलाकात की।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जवानों की इस सफलता पर उन्हें बधाई दी हैं।

<u>मुठभेड़–02</u>

उधर, कांकेर जिले के थाना छोटेबेठिया क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के बाद आठ लाख रूपए के एक माओवादी कमांडर को गिरफ्तार किया है। सुरक्षा बलों ने घटना स्थल से एक भरमार बंदूक, एक देशी पिस्टल, सात बीजीएल सेल सहित भारी मात्रा में नक्सल सामाग्री बरामद किया है।

इस बीच, बीजापुर जिले के मिरतुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हल्लूर में माओवादियों ने पुलिस मुखबिरी के शक में एक ग्रामीण का अपहरण कर हत्या कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

<u>बायोगैस उत्पादन—एमओयू</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मौजूदगी में आज नगरीय ठोस अपशिष्ट से कंप्रेस्ड बायोगैस उत्पादन के लिए एमओयू किया गया है। 'छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण, गेल इंडिया लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम और प्रदेश के छह नगर निगमों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस एमओयू के माध्यम से छह नगर पालिक निगमों के लगभग तीन सौ पचास मीट्रिक टन प्रतिदिन नगरीय ठोस अपशिष्ट और लगभग पांच सौ मीट्रिक टन अधिशेष बायोमास का उपयोग जैव ईंधन उत्पादन के लिए किया जाएगा। इन छह संयंत्रों से प्रतिदिन लगभग सत्तर मीट्रिक टन कंप्रेस्ड बायोगैस का उत्पादन होगा। इन परियोजनाओं में लगभग छह सौ करोड़ रुपये का निवेश गेल इंडिया लिमिटेड और भारत पेट्रोलियम द्वारा किया जाएगा। इसी प्रकार संयंत्रों से होने वाले उत्पादन और बिक्री से राज्य को प्रतिवर्ष लगभग छह करोड़ रुपये का जीएसटी प्राप्त होगा। एमओयू के तहत संयंत्रों की स्थापना से उत्पन्न सह—उत्पाद से जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा। कचरे के प्रभावी निपटान से ग्रीनहाउस गैस के उत्सर्जन में कमी आएगी और छत्तीसगढ़ नेट जीरो एमिशन प्राप्ति की दिशा में अग्रसर होगा।

<u>केबल ऑपरेटर—पंजीयन ऑनलाइन</u>

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने आज स्थानीय केबल ऑपरेटर पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए उन्नीस सौ चौरानवे के केबल टेलीविजन नेटवर्क नियमों की एक संशोधित अधिसूचना जारी की है। स्थानीय केबल

ऑपरेटरों– एलसीओ का पंजीकरण आज से पूरी तरह ऑनलाईन किया जाएगा। मंत्रालय ने बताया कि पंजीकरण प्रमाण पत्र आवेदकों के विवरण का सफल सत्यापन होने पर ही जारी किए जाएंगे।

केन्द्रीय मंत्री–गिरिराज सिंह–दौरा

केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह उन्नीस जनवरी से तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगे। अपने प्रवास के दौरान बीस जनवरी को केन्द्रीय मंत्री रायपुर के भनपुरी स्थित एक रेशम उद्योग संस्थान का भ्रमण करेंगे। इसके बाद श्री सिंह इसी दिन भिलाई के लिए रवाना होगें, जहां वे आईआईटी भिलाई द्वारा प्रस्तुत प्रजेंटेशन के अवलोकन के साथ ही अधिकारियों के साथ बैठक में शामिल होंगे।

केन्द्रीय मंत्री इक्कीस जनवरी को रायपुर में टेक्सटाइल क्षेत्र के पदाधिकारियों के साथ मुलाकात करेंगे। इसी दिन वे शाम को नई दिल्ली लौट जाएंगे।

जूट–मेला

राष्ट्रीय पटसन बोर्ड द्वारा आज से रायपुर के एक मॉल में जूट–मेले का आयोजन किया जा रहा है। छब्बीस जनवरी तक चलने वाले इस मेले का उद्‌घाटन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर गिरीश चंदेल ने किया। इस मेले में पश्चिम बंगाल, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए लगभग बीस जूट इकाइयाँ अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं। यह जूट–मेला सुबह ग्यारह बजे से रात आठ बजे तक ग्राहकों के लिए खुला रहेगा।

नेहरू युवा केन्द्र–सड़क सुरक्षा

नेहरू युवा केंद्र और यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ आज जनजागरूकता रैली के साथ रायपुर के टिकरापारा में किया गया। इस अवसर पर तीन सौ से अधिक युवाओं ने ट्रैफिक जागरूकता रैली में भाग लिया। नेहरू युवा केंद्र रायपुर के उपनिदेशक, अर्पित तिवारी ने कहा कि सड़क पर

खुद की और दूसरों की सुरक्षा के लिए ट्रैफिक नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर यातायात पुलिस रायपुर के डीएसपी सतीश ठाकुर ने युवाओं को ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन करने के लिए प्रेरित किया।

वहीं, नेहरू युवा केन्द्र संगठन द्वारा रायपुर स्थित जोरा में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके तहत कबड्डी, गोला फेंक, रस्साकशी और दौड़ जैसे खेलों में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

बातों–बातों में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम "बातों–बातों में" के तहत इस बार भूजल संरक्षण और संवर्धन पर केन्द्रीय भूजल बोर्ड रायपुर के क्षेत्रीय निदेशक डॉक्टर प्रवीर के. नायक से ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। यह कार्यक्रम कल अट्ठारह जनवरी को सुबह साढ़े दस बजे आकाशवाणी केंद्र रायपुर से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

संक्षिप्त समाचार

- आयकर विभाग की अन्वेषण विंग ने आज रायपुर में चार ठेकेदारों के परिसरों में छापे मारे हैं।
- छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल जगदलपुर के कार्यपालन अभियंता सी. के. ठाकुर और सहायक अभियंता नीरज ठाकुर को निर्माण कार्य में अनियमितता पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।
- कोरबा पुलिस ने उपसरपंच को मारने की योजना बनाने वाले छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।
- दुर्ग पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने रिश्वत लेकर आरोपी को मुचलके पर छोड़े जाने के मामले में दोषी पाए जाने पर पुरानी भिलाई थाने के प्रधान आरक्षक को निलंबित कर दिया है।

- मुंगेली पुलिस ने गुम हुए बीस लाख रूपये से अधिक कीमत के एक सौ तीस मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस ने आज थाना सिटी कोतवाली परिसर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर मोबाइल फोन मालिकों को लौटाएं।
- गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने पांच अंतर्राज्जीय गांजा तस्करों से तिहत्तर किलो गांजा बरामद किया है, जिसकी कीमत सात लाख पैंतीस हजार रूपए बताई गई है। गिरफ्तार सभी आरोपी मध्यप्रदेश के अनूपपुर के रहने वाले हैं।

<><><><><><>